समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों को भारत ने किया ढेर, राफेल-सुखोई की डॉगफाइट मे JF-17 और मिराज तबाह।

Publisher Published on 11 Jun 2025



## भारतीय वायुसेना ने आतंकी ठिकानों को तबाह करने के साथ-साथ पाकिस्तानी फाइटर जेट्स को भी मार गिराया, जल्द सामने आएंगे पुख्ता सबूत।

**नई दिल्ली :** भारत द्वारा चलाए गए **ऑपरेशन सिंदूर** के तहत **6 और 7 मई** की रात **भारतीय वायुसेना (IAF)** ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए **सर्जिकल एयर स्ट्राइक** की। इसके साथ ही हुई डॉग फाइट में भारत के **राफेल** और **सुखोई लड़ाकू** विमानों ने **पाकिस्तान के JF-17, J-10** और **मिराज** जैसे फाइटर जेट्स को सफलतापूर्वक मार गिराया।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, भारत के पास इस कार्रवाई के पुख्ता सबूत हैं और जल्द ही वह **अंतरराष्ट्रीय मंच** पर इसे साझा करेगा। इस **ऑपरेशन** के तहत **पाकिस्तानी वायुसेना** को भारी नुकसान हुआ है।

**भारत ने दिया आतंक का करारा जवाब**
**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद भारत ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए **पाकिस्तान** और **पीओके** में स्थित आतंकी अड्डों को निशाना बनाया। इस कार्रवाई में भारत ने 100 से अधिक आतंकियों को ढेर कर दिया, जिसकी पुष्टि सरकार ने की है।

जैसे ही यह हमला हुआ, पाकिस्तान ने सीमा पर सीज़फायर का उल्लंघन शुरू कर दिया, लेकिन भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेस जैसे:**नूर खान एयरबेस, सुक्कुर एयरबेस, चुनियां एयरबेस, रफीकी एयरबेस, रहीम यार खान एयरबेस** को गंभीर क्षति पहुंचाई।

**सेना ने पेश किए सैटेलाइट सबूत**

भारतीय सेना ने **सैटेलाइट इमेज** और **इंटेलिजेंस** रिपोर्ट्स भी पेश की हैं, जिससे साफ होता है कि पाकिस्तान की रक्षा प्रणाली बुरी तरह चरमराई है। विशेष रूप से **HQ-9 एयर डिफेंस सिस्टम,** जो पाकिस्तान ने चीन से खरीदा था, उसे भी **ऑपरेशन सिंदूर** में ध्वस्त कर दिया गया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.